Liberté • Égalité • Fraternité
RÉPUBLIQUE FRANÇAISE

MINISTÈRE
DE L'EUROPE ET DES
AFFAIRES ÉTRANGÈRES

DIRECTION GÉNÉRALE DE L'ADMINISTRATION
ET DE LA MODERNISATION

DIRECTION DES RESSOURCES HUMAINES

Sous-direction de la Formation et des Concours

Bureau des Concours et Examens professionnels
RH4B

# CONCOURS EXTERNE ET INTERNE POUR L'ACCÈS A L'EMPLOI DE CONSEILLER DES AFFAIRES ETRANGÈRES (CADRE D'ORIENT) AU TITRE DE L'ANNÉE 2020

---

**ÉPREUVES ÉCRITES D'ADMISSIBILITÉ**

**Lundi 9 septembre 2019**

## HINDI

Durée totale de l'épreuve : 3 heures
Coefficient : 2
Toute note inférieure à 10 sur 20 est éliminatoire
Barème de notation : composition en hindi 12 points ; traduction en français 8 points

**COMPOSITION EN HINDI**

*Composition en hindi à partir d'une question, rédigée dans cette même langue, liée à l'actualité* ***(350 mots +/- 10 %)***

SUJET :

चीन द्वारा चलाई जा रही नई सिल्क रूट परियोजना के चीन, भारत और एशिया के अन्य देशों के आपसी संबंधों पर क्या असर पड़ने की संभावना है ?

DIRECTION GÉNÉRALE DE L'ADMINISTRATION
ET DE LA MODERNISATION

DIRECTION DES RESSOURCES HUMAINES

Sous-direction de la Formation et des Concours

Bureau des Concours et Examens professionnels
RH4B

# CONCOURS EXTERNE ET INTERNE POUR L'ACCÈS A L'EMPLOI DE CONSEILLER DES AFFAIRES ETRANGÈRES (CADRE D'ORIENT) AU TITRE DE L'ANNÉE 2020

---

**ÉPREUVES ÉCRITES D'ADMISSIBILITÉ**

**Lundi 9 septembre 2019**

# HINDI

Durée totale de l'épreuve : 3 heures
Coefficient : 2
Toute note inférieure à 10 sur 20 est éliminatoire
Barème de notation : composition en hindi 12 points ; traduction en français 8 points

**TRADUCTION EN FRANÇAIS**

*Traduction en français d'un texte rédigé en hindi*

TEXTE AU VERSO

< Tehelka Hindi
14.06.2019

**देश भर में डाक्टर हड़ताल पर**

पश्चिम बंगाल में दो जूनियर डॉक्टरों के साथ हुई मारपीट के बाद देश भर में डाक्टरों ने आंदोलन छेड़ दिया है। इस घटना से मेडिकल एसोसिएशन बहुत ख़फ़ा है। बंगाल में डॉक्टरों की हड़ताल का असर देश के अन्य हिस्सों में भी दिखना शुरू हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन की अपील के बाद डाक्टरों की एक बैठक थोड़ी देर में होगी जिसमें हड़ताल को लेकर फ़ैसला किया जाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक़ देश भर में डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं। कोलकाता से लेकर मुंबई और नई दिल्ली तक डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से मरीज़ों को मुश्किल झेलनी पड़ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा है कि डाक्टरों को अपनी बात कहने का हक़ है लेकिन उन्हें हड़ताल जैसे विकल्प को नहीं चुनना चाहिए। "डाक्टर सांकेतिक नाराज़गी जताएँ। इसे प्रतिष्ठा का विषय न बनाएँ। मैं बंगाल की सीएम (मुख्य मंत्री) ममता बनर्जी से भी आग्रह कर रहा हूँ कि वे डाक्टरों की माँगों को सहानुभूति से सुनें।"

बंगाल में जूनियर डाक्टरों के हड़ताल पर जाने के बाद सीएम ममता बनर्जी ने उन्हें काम पर लौटने की चेतावनी दी थी लेकिन शुक्रवार को ममता ने तेवर नरम करते हुए उनसे हड़ताल न करने का आग्रह किया है। वहाँ अब सीनियर डाक्टर भी हड़ताल पर जा चुके हैं। हालाँकि साथ ही ममता ने डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने को "भाजपा की साज़िश" बताया है। ममता ने कहा – "भाजपा अब डॉक्टरों को भी अपने जाल में फँसा रही है।"

शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों की हड़ताल के समर्थन में भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने अखिल भारतीय विरोध दिवस घोषित कर दिया है। राजधानी दिल्ली में दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए) ने हड़ताल बुलाई है, जिसका असर एम्स (All India Institute of Medical Sciences) जैसे बड़े अस्पतालों में भी देखने को मिला है। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के अलावा पटना और रायपुर एम्स के डॉक्टर भी हड़ताल को समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में देशभर में स्वास्थ्य सेवाएँ चरमरा सकती हैं।

मुंबई में भी डॉक्टरों ने काम करने से इनकार कर दिया है। वहाँ के डॉक्टरों का कहना है कि वे साइलेंट प्रोटेस्ट करेंगे। न सिर्फ़ दिल्ली और मुंबई बल्कि पंजाब, केरल, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश में भी डॉक्टरों ने काम करने से इनकार कर दिया है। हड़ताल को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिस पर आज सुनवाई होनी है।